फरीयाद परिवार पर भूखे मरने की नौबत,जिले से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक नहीं सुन रहा कोई फरीयाद

महज एक हजार रूपए प्रतिमाह वेतन में 20 वर्षों से नौकरी कर रहे दो ग्राम कोटवार

नवभारत न्यूज,
मारूड़(पांढुरना),26अप्रैल, ग्रीष्म ऋतु की आग उगलती धूप,गर्म हवाओं के थपेड़े हो या फिर कडक़ड़ी ठंड या फिर वर्षों ऋतु की मुसलाधार बारिश ही क्यों ना हो वर्ष के पूरे 12 ही माह सभी मौसम में गांव के कोटवार 24 ही घंटे सजग रह पूरी निष्ठा तथा लगन से कार्य करते हुए ग्राम की प्रत्येक छोटी,बडी घटनाओं पर अपनी पैनी नजर रख अधिकारियों को ग्राम के प्रत्येक घटना की जानकारी पहुंचाते है,इसलिए ग्राम कोटवार शासकीय तंत्र के सबसे विश्वसनीय होते है ।

लेकिन इस कठिन परिश्रम के बावजूद पांढुरना क्षेत्र के दो ग्रामों के दो कोटवार को महज एक हजार रुपए मासिक मानदेय दिए जाने से इनके परिवारों पर भूखों मरने की नौबत आ गई है,बीते 20 वर्षों से अपनी समस्याओं के निराकरण को लेकर उन्होंने जिले से लेकर प्रदेश मुख्यालय में शासन-प्रशासन से गुहार लगा दी,लेकिन इसकी फरीयाद कोई सुन नहीं रहा ।

महज 33 रूपए प्रतिदिन मिल रहा वेतन

पांढुरना नगर जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत इटावा के ग्राम कोलीखापा में बाबुराव नारनवरे एवं इटावा में वासुदेव धोंगड़े को यह कोटवार की नौकरी इनके पिता की मौत होने के बाद विरासत में मिली है। लेकिन इस महंगाई के युग में महज एक हजार रुपए मासिक मानदेय में यह अपना तथा अपने परिवार को जिवन निर्वाह कैसे करते होंगे इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है,उन्हें मिलने वालें मासिक वेतन से ज्यादा तो ग्राम में रोजगार गारंटी योजना में काम करने वाले मजदूर चार दिन में ही एक हजार रुपए से ज्यादा कमा लेते है,उनकों प्रतिदिन 262 रुपए मजदूरी मिलती है,वहीं इन कोटवारों को मात्र 33 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से कार्य करना पड़ रहा है।

पिता की मौत के बाद विरासत में मिली थी कोटवार की नौकरी

ग्राम कोलीखापा के कोटवार बाबुराव नारनवरे तथा इटावा के वासुदेव धोंगडे बताते है कि यह पिछले 20 वर्षों से ग्राम कोटवार की नौकरी कर रहे है,इन्हें यह ग्राम कोटवार की नौकरी इनके पिताजी की मौत के बाद सरकार ने विरासत में दी है,इसके साथ ही इन दोंनो ही कोटवारों को दस-दस एकड़ शासकीय भूमि भी दी है,इसी कारण इन्हें सिर्फ एक हजार रूपए प्रतिमाह मासिक मानदेय दिया जा रहा है ।

अन्य सहपाठी कोटवार को 9 तो इन्हें मिल रहे सिफ एक हजार रूपए

इन कोटवारों का कहना है कि उनको मिली सेवा भूमि बंजर और पथरीली होने के कारण कृषि करने योग्य नहीं है,इसलिए सेवा भूमि निरस्त कर अन्य सहपाठी कोटवारों की तरह ही इन्हें भी 9000 रूपए मासिक वेतन दिया जाए,जिससे यह कम से कम यह अपने परिवार को दो वक्त भरपेट खाना तो खिला सकेंगे,अभी मिलने वाले इस एक हजार रुपए में यह परिवार को दो वक्त खाना तक नहीं खिला पा रहे है।

20 वर्षों से नहीं कोई नहीं सुन रहा कोटवार की फरियाद

इस बात को लेकर पिछले 20 वर्षों ने इन उक्त दोनों ही ग्राम कोटवारों द्वारा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन के आला अधिकारियों तथा प्रदेश मुख्यालय भोपाल तक के शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके है,लेकिन आज तक इनकी इस फरीयाद पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

किसानों के खेतों में मजदूरी करने मजबूर कोटवार

इन कोटवारों द्वारा अपनी पीड़ा बया करते बताया कि एक हजार रुपए में घर खर्च नहीं चलता,इसलिए परिवार का पालन-पोषण करने के लिए गांव के किसानों के खेतों में मजदूरी करने के लिए जाना पड़ता है। महीने में कई बार तो मजदूरी नहीं मिलने पर परिवार सहित भूखे ही रहने की नौबत आती है।

अधिकारियों को जानकारी देंने आने-जाने में ही खर्च हो रहा मानदेय

उल्लेखनीय हो कि ग्राम कोटवारों को नियमानुसार गांवों में ही रहकर ग्राम की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रख कर प्रशासन के अधिकारियों तक जानकारी पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित है,लेकिन अधिकारी इसके अलावा भी कोटवारों से कई काम कराते है,माह में दो तीन रातों को जिला मुख्यालय के तहसील,एसडीएम कार्यालय तो इन अधिकारियों को घरों में तक ड्यूटी लगा देते है। और माह में कई बार मीटिंग के लिए भी नगर जिला मुख्यालय भी बुला ही लेते है,इस तरह गांव से नगर में आने-जाने में सौ-डेढ़ सौ रुपए खर्च हो जाते है।

पिपला में एक दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज़ पिपलानारायणवार 26 अप्रेल. नगर पालिका परिषद पिपला नारायणवार में जनगणना प्रशिक्षण संपन्न हुआ। चार्ज अधिकारी श्री साहू सर ने बताया कि 23-25 अप्रैल तक चले प्रशिक्षण में 18 प्रगणक और 4 सुपरवाइजर साथियों ने भाग लिया। गणेश परतेती ने बताया कि प्रशिक्षण में जनगणना की प्रक्रिया, ।रह्ह ऐप का उपयोग, और डिजिटलाइज्ड प्रक्रिया से जानकारी प्राप्त करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 1-30 मई तक राष्ट्रीय जनगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा, जिसमें प्रगणक और सुपरवाइजर अपने-अपने ।रक्षक्षेत्र में जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। श्री परतेती ने आम जनता से अनुरोध किया कि वे 30 मई तक स्श्व स्व गणना की सुविधा का उपयोग करें और जनगणना अधिकारी को सही जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर जिला जनगणना मास्टर ट्रेनर नरेंद्र बाबल , श्री गडकरी स, और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री साहू उपस्थित रहे।

बौध्द समाज ने खर्चीली शादी को नकारा, सौंसर में बौद्ध पद्धति से संपन्न हुआ सादगीपूर्ण विवाह

नवभारत न्यूज़
सौंसर 26 अप्रेल. वर्तमान समय में जहाँ शादियों में दिखावे और फिजूलखर्ची का चलन बढ़ गया है, वहीं नगर के वार्ड नंबर 11 स्थित बुद्ध विहार में एक आदर्श विवाह संपन्न हुआ। बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति, सौंसर के तत्वावधान में सावनेर निवासी धर्मेंद्र पाटिल और बिछुआ निवासी गीता गजभिए ने खर्चीली शादी की परंपरा को नकारते हुए सादगी के साथ बौद्ध रीति-रिवाज से 70 से 80 समाज बंधुओ की उपस्थिति में एक-दूसरे का हाथ थामा। वर-वधू ने बताया कि फिजूलखर्ची को दूर रखने का निर्णय लिया ओर हमने तथागत बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के धम्म को साक्षी मानकर सादगीपूर्ण तरीके से जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया है। उपासक दामोदर सहारे द्वारा पंचशील और जयमंगल अष्टगाथा के पाठ के साथ संपन्न कराई गई। इस अवसर पर समिति की ओर से नवविवाहित जोड़े को बुद्ध और उनका धम्म भेंट कर उनके सुखद भविष्य की मंगल कामना की गई। इस सादगीपूर्ण विवाह के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति संरक्षक मुरलीधर कामले,डॉ वाय एल ठवरे, अध्यक्ष मुकेश बागडे सिद्धार्थ सोमकुँवर मिलिंद बसोड़, कैलाश गजभिए, विजय नागदवने, अंकुश पाटिल, प्रवीण पाटिल आदि उपस्थित थे। समिति ने का कहना है बाबा साहब अंबेडकर जी ने भी खर्चीले विवाह हो को नकारा था सौसर में हुए ऐसे आयोजनों से समाज में फिजूलखर्ची रुकेगी और युवाओं को सादगी की प्रेरणा मिलेगी।

सौसर में पारा 43 डिग्री के पार, झुलसाती गर्मी से जनजीवन प्रभावित

नवभारत न्यूज
सौसर 26 अप्रैल - क्षेत्र में सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। रविवार को सौसर में रिकॉर्ड गर्मी ने 43 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर लिया। सुबह 10 बजते ही धूप की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है।

दोपहर में थम रही रफ्तार

झुलसाने वाली गर्मी और गर्म हवाओं (लू) के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। अति आवश्यक कार्य होने पर ही लोग पूरे बदन को ढंककर बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। गर्मी का असर व्यापार पर भी दिख रहा है, क्योंकि दोपहर के वक्त बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही

न के बराबर हो गई है।

शाम को बाजारों में उमड़ रही भीड़तपती दोपहर के बाद शाम ढलते ही मौसम में थोड़ी सी नरमी महसूस होते ही बाजारों की रौनक वापस लौट रही है। लोग घरेलू सामानों की खरीदी और ठंडे पेय पदार्थों का लुत्फ उठाने के लिए शाम को घरों से बाहर निकल रहे हैं। देर रात तक मुख्य चौराहों और बाजारों में खासी चहल-पहल देखी जा रही है।

जल्द मिल सकती है राहत

?मौसम विभाग और स्थानीय अनुमानों के अनुसार, चिलचिलाती धूप का यह सितम ज्यादा दिनों तक नहीं रहने वाला है। आगामी दो से तीन दिनों में मौसम के मिजाज में बदलाव आने की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट होगी और क्षेत्रवासियों को इस भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

29 अप्रैल को खैरीतायगांव में चलो बुद्ध की ओर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज सौंसर 26 अप्रेल. भारतीय बौध्द महासभा खेरितायगाव की ओर से संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती महोत्सव एवं बुद्ध जयंती के पूर्व संध्या पर महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के बढ़ते कदम के परिपेक्ष में 29 अप्रैल को चलो बुद्ध की ओर कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खैरीतायगांव में किया जा रहा है। आयोजन समिति प्रमुख भारतीय बौद्ध महासभा तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर,नगर अध्यक्ष दिवाकर बागड़े,आनंद दुफारे,राजेश बागडे,सुरज पगारे ने बताया कि तथागत भगवान बुद्ध की जयंती की पूर्व संध्या आयोजित कार्यक्रम चलो बुद्ध की ओर में शाम 5 बजे से सातनूर बॉर्डर से खैरीतायगांव तक धम्मरैली निकाली जाएगी,शाम 6 बजे से धम्म-संवाद, सत्कार समारोह होंगा,शाम 7 बजे से प्रसिद्ध गायक विकास राजा ओर टीम के द्वारा संघर्ष गाथा भीम बुध्द ऑर्केस्ट्रा, और महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन एवं भारत को बौद्ध में बनाने के उद्देश्य को लेकर प्रबोधन कार्यक्रम होगा।

जिलाध्यक्ष मोहोड सहित कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

नवभारत न्यूज़ सौंसर 26 अप्रेल. रविवार को मन की बात कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को बडे उत्साह से सुना गया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड सहित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और उनके संदेशो को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने बताया कि, आज के मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देषवासियों का मार्गदर्शन किया। उन्होने युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर देते हुये वोकल फॉर लोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढावा देने का आव्हान किया। जिससे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को मजबूती मिल सके। श्री मोहोड ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुये कहा कि, यह संदेश समाज के हर वर्ग को सकारात्मक दिशा मे आगे बढने की प्रेरणा देता है। सभी ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

संतराचंल की हलचल

(लक्ष्मीकांत ढोके पांढुरना)

प्रेमी जोड़े पर करते सख्त कार्यवाहीं, तो अधिकारियों की भी खोल जाती पोल

बी मारों के उपचार के लिए बना एक शासकीय भवन इन दिनों प्रेमियों के गुटरगू करने का आशियाना बना है,पहले तो यहां सिर्फ विभाग के वरिष्ठों के अवैध प्रेम मिलाप के ही किस्सें सुनाई देते थे,लेकिन अब तो यहां छोटे कर्मचारी के साथ ही हाल ही में आँऊटसोर्स में लगे प्रेमी भी गाए बगाहै चोच से चोच मिला ही लेते है। इसी भवन के तीसरी मंजील पर कुछ दिन पहले ही आऊटसोर्स में लगी नगर के ब्रहम्णी की लडकी तथा सावरगांव के लडक़े को रात में प्रेम मिलाप करते हुए युवती के पुराने आशिक ने ही रंगेहाथों पकड़ इन दोनों की जमकर पिटाई भी कर दी,यह बात इनके परिजनों को मिलते ही वह भी दौड़े-दौड़े यहां पहुंच गए,फिर क्या था यहा हुए जमकर हंगामे के चलते उपचार के लिए भर्ती मरिज तथा इनके परिजनों की निंद में खलल पडी,तो कई लोगों के लिए मनोरंजन भी बना,हंगामा इतनी अधिक बढ़ गया कि इसे शांत करने पुलिस को आना-पड़ा। यह बात विभाग के उच्च अधिकारियों को भी पता चली,लेकिन यह इन पर कोई सख्त कार्यवाही कर नहीं सके,क्यों की अन्य आउटसोर्स कर्मियों की तरह ही इस प्रेमी युगल को भी लगाने के एवज में इनसे भी मोटी रकम जो ले रखी है,कहीं सख्त कार्यवाही से अधिकारियों की भी पोल ना खुल जाए,इसी भय से इस पकड़े गए प्रेमी युगल को नगर के मुख्य कार्यालय से हटाकर दोनों को अलग-अलग कर एक को पूर्व में तो दूसरे की पश्चिम वाले गांव के उपकेंद्र में ड्युटी लगा दी है।

स्वादिष्ठ व्यंजनों का लुफ्त उठाते रहे पतिदेव

न गरवासियों के समस्याओं के निदान के लिए बने कार्यालय में छैमाह बाद हुई बैठक में अपने-अपने वार्डों के विकास कार्यों को कराने पूरी तैयारियों के साथ पार्षद महिलाएं सभाकक्ष की बैठक में जा बैठी,वहीं इनके पतिदेव इसी कार्यालय के एक वातानूकुलिन कक्ष में बैठकर स्वादिष्ठ व्यंजनों तथा ठंडी-ठंडी लस्सी का लुफ्त उठाते रहे,कार्यालय के अधिकारियों को मालुम था कि चाहें इन पार्षद महिलाओं के वार्डों में कोई कार्य हो या ना हो,और इस बैठक में भी इनके आवाज को शांत करना है तो इनके पतिदेव को पहले शांत करना बहुत जरूरी है। इसलिए इन्होंने बैठक शुरू होने से पहले ही कार्यालय के एक कक्ष में पार्षद महिलाओं के पतिदेव के बैठक व्यवस्था के साथ ही इनकी हर फरमाइश का ध्यान रखने के लिए कर्मचारियों को सख्त हिदायत दे रखी थी। जितना नाश्ता बैठक कक्ष में नहीं पहुंचा उससे ज्यादा तो कार्यालय के अलग कक्ष में बैठे पार्षद महिलाओं के पतिदेव चट कर गए। नाश्ते के बाद ठंडी-ठंडी लस्सी,फिर चाय,कॉफी की चुस्कियां लेते हुए इसी कक्ष में बैठे-बैठे इन पतियों ने अपनी अपनी धर्म पत्नियों को मोबाइल फोन पर ही किसी भी विषय का कोई विरोध नहीं कर सभी प्रस्तावों को स्वीकृती देंने के फरमान सुनाते रहे,और बेचारी यह भारतीय महिलाएं अपने पति की बात को ईश्वर का आदेश मान पूरी बैठक में किसी भी प्रस्ताव का कोई विरोध नहीं कर चुपचाप बैठी रहीं,यहां तक की इन्होंने अपने-अपने वार्ड में किसी भी तरह का विकास कार्य कराने तक के लिए सत्ता पर काबिज शीर्ष नेताजी एवं अधिकारियों को तक कुछ नहीं कहा।

छुटभैया नेता को सीनाजोरी के बाद चोरी करना पड़ेगा महंगा ?

पु राने परिषद में सबसे पहले दल बदलने वाले छुटभैया भले ही पूरे कार्यकाल में भैयाजी के साथ होने का दम भरते रहे,लेकिन वे उनके भी विश्वासपात्र बनकर नहीं रह सके,जिसके कारण इन्हें सभापति पद से भी हाथ धोना पडा था,इन्होंने अपने ही समाज के लोगों को बरगलाते हुए समाज में भी दो फाड कर रखे है,नगर में कहीं और नहीं बल्कि सिर्फ इनके ही समाज बाहुल्य वाले क्षेत्र तथा इनके आराध्य देवता के प्रतिमा स्थल के सौदर्यीकरण में चार चांद लगाने तथा लोगों के आवागमन के लिए मुख्य सडक़ के किनारे लगाए जाने वाले पेवर ब्लांक ब्लांक के कार्य में भी यह अपनी टांग अडाने से बाज नहीं आए,इन्होंने इन पेवर ब्लांक को अत्यंत निम्न क्वलिटी का बताते हुए लोगों को उकसाकर यह काम बंद करा नए पेवर ब्लांक लाने के लिए ठेकेदार को मजबूर कर दिया और जैसे ही नए चमचमाते पेवर ब्लांक आए इस छुटभैया ने अपने पुश्तैनी तंबू लगाने वाले धंधे के सामानों को एक जगह से दूसरे जगह लाने ले जाने के उपयोग में वाले चौपहिया वाहन में ही इन पेवर ब्लांक को भरकर अपने खेत ले गए,लेकिन इनकी इस चोरी का पूरा कारनामा मोबाईल में रिर्काड होने के बाद इस छुटभैया नेता की सिनाजोरी की हरकतों से आहत ठेकेदार ने भी आव देखा ना ताव तुरंत ही पेवर ब्लांक चोरी कर ले जाने वाले विडियों रिर्काड के पुख्ता सबुत के साथ पुलिस में इसकी रिर्पोट भी दर्ज कर दी है। इसके जैसे ही पुलिस ने इस छुटभैया नेता को थाने में आने के लिए फोन किया,छुटभैया नेता ने जिस गाडी में यह पेवर ब्लांक चोरी कर ले गए वह सभी 150 पेवर ब्लांक सुरक्षित वापस उसी जगह लाकर रख दिए है और अब यह छुटभैया नेता पुलिस कार्यवाहीं से बचने अपने आकाओं तथा अधिकारियों के दरबार में हाजरी लगाते फिर रहे है।

विकास कार्यों के लिए 10 लाख की घोषणा

आरडी स्कूल के मेघावी छात्रों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,26अप्रैल, आर .डी .स्कूल के कक्षा 10 एवं 12वीं के मेधावी छात्रों का स्कूल प्रबंधक द्वारा एक साधा किन्तु गरीमामयी कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया।

मॉडर्न एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित नगर के रामराव धर्माधिकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के इस शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में बोर्ड की कक्षा 10वी एवं 12वी की वार्षिक परीक्षा में मेधावी छात्रों के सम्मान के लिए बीते दिवस समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा अन्य पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिती में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस वर्ष कक्षा 10वी में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता कडबे,द्वितीय मीनाक्षी सातपुते एवं तृतीय स्थानी कीर्ति पवार द्वारा प्राप्त किया,इसी प्रकार कक्षा 12 वी वर्षा पवार द्वारा प्रथम, कंचन बारंगे द्वारा द्वितीय एवं आंचल करवाड़े द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता,नगर के साथ ही स्कूल का नाम रोशन किया है।

इन सभी उक्त छात्रों तथा इनके अभिभावकों का मॉडर्न एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष हीरालाल पराडकर,सचिव गोविंद अग्रवाल,सह सचिव श्रीकांत धर्माधिकारी,वृंदेश धर्माधिकारी,प्राचार्य श्री आर .ए .खोड़े द्वारा पुष्प माला पहनाने के साथ ही प्रमाण पत्र सौप इनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना कर इन सभी छात्रों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक,स्टॉफ,सहपाठी छात्र तथा अभिभावकगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज
सौसर 26 अप्रैल - अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में रविवार को सौसर अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे एवं नपा.अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

निष्ठा की शपथ और पदाधिकारियों का स्वागत:

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात नवनियुक्त कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई, जिसमें शामिल हैं।?अध्यक्ष

दिनेश भकनेउपाध्यक्ष नरेंद्र गजभिए, सचिव अजय शेंडे कोषाध्यक्ष कविता फरकारे ,ग्रंथपाल अशोक गावंडे, सहसचिव दीपाली सीते शामिल है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शाल-श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया।

न्यायालय परिसर के लिए मिली बड़ी सौगात: अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने परिसर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए सांसद निधि से 7 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं, विधायक विजय चौरे ने अधिवक्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए विधायक निधि से 3 लाख रुपये स्वीकृत किए। इस प्रकार कुल 10 लाख रुपये की राशि से न्यायालय परिसर में भवन निर्माण व अन्य विकास कार्य किए जाएंगे।

भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने की मांग: अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश भकने ने अपने संबोधन में न्यायालय परिसर की प्रमुख समस्याओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि पार्किंग, अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था और पक्षकारों की सुविधाओं के लिए भूमि की कमी है।

उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जिसके लिए राशि आवंटित हो चुकी है, वह काफी धीमी है। इसे तीव्र गति से पूर्ण कर भूमि न्यायालय को सौंपी जाए ताकि भविष्य के निर्माण कार्यों को गति मिल सके।

सफल आयोजन:

कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर धुर्वे द्वारा किया गया। समारोह के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गौ सम्मान महाभियान में जुटेंगे हजारों लोग,

नवभारत न्यूज़ सौंसर 26 अप्रेल. सौसर में 27 अप्रैल को होगा गौ सम्मान महाअभियान में हजारों लोग जुटेंगे। कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शुरू होकर तहसील कार्यालय तक जाएगा, जहां गौहत्या बंद करने और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन दिया जाएगा।आयोजकों ने अपील की है कि सभी नागरिक अपने परिवार और मित्रों के साथ सुबह 10 बजे शामिल होकर इस अभियान को सफल बनाएं।